04 संगठन ने कर्मचारी हितों की लड़ाई को और...




07 अध्यक्ष और पार्षदों की लड़ाई में चरमराई ...





मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

## लोक कल्याणकारी और रोजगारोन्मुखी योजनाओं का लाभ समय सीमा में मिलेः बारेलाल अहिरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित की जा रही लोक कल्याणकारी और रोजगारोन्मुखी योजनाओं की प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में आयोग के सदस्य अहिरवार ने विभागीय और जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी और रोजगारोन्मुखी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए समस्त विभाग जन-जागरूकता अभियान चलाएं और शिविरों के माध्यम से लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पीड़ितों के लिए राहत राशि का वितरण शीघ्रता से करें। उन्होंने कहा कि पीड़ित से सजीव संपर्क स्थापित कर उसके दस्तावेजों में आ रही कमियों को दूर करें और शीघ्रता से राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के समस्त नागरिकों के जाति प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे छात्रावासों में स्वीकृत सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए और छात्रावासों के रखरखाव और मरम्मत संबंधी कार्य पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि भू-अभिलेख और राजस्व विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि किसानों और आम नागरिकों के भूमि के खसरों में सुचिता रहे और किसी भी प्रकार की विसंगति पैदा न हो। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिन आवेदकों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन निरस्त हुए हैं अथवा जिन आवेदकों के आवेदन अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, ऐसे समस्त आवेदकों के आवेदनों को शुरू कर उन्हें आवास योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। सामुदायिक भवनों पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें, इस हेतु उन्होंने प्रशासन के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों और आमजन से भी अपील की कि सामुदायिक भवनों सहित अन्य शासकीय संपत्तियों पर अतिक्रमण होने की सूचना शीघ्रता से जिला प्रशासन तक पहुंचाएं।

## पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में 131 करोड़ के कृषि महाविद्यालय की नींव रखी, गढ़ौला जागीर में 36 करोड़ के सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया



**खुरई।** पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में 131 करोड़ की लागत से बन रहे स्वः अटल बिहारी वाजपेयी कृषि महाविद्यालय का भूमिपूजन किया। उसके पूर्व खुरई विधानसभा क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत गढ़ौला जागीर में 36 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरबती गेंहू, कृषि यंत्रों के लिए प्रसिद्ध खुरई की समृद्धि के लिए 2027 में पूर्ण हो रही 5000 करोड़ की लागत वाली बीना सिंचाई परियोजना और यह कृषि महाविद्यालय सोने पर सुहागा साबित होगी। उल्लेखनीय है कि खुरई में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के कठिन परिश्रम के बाद खोला गया कृषि महाविद्यालय प्रदेश में पिछले 12 वर्षों में इकलौता कृषि महाविद्यालय है, इसी प्रकार गढ़ौला जागीर में लोकार्पित हुआ सांदीपनि विद्यालय ग्राम पंचायत मुख्यालय पर खोला गया इकलौता सांदीपनि विद्यालय है। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 2016-17 में सरकार ने मेरे बहुत आग्रह पर खुरई में कृषि महाविद्यालय स्वीकृत किया था और 2018 में हमारा यह महाविद्यालय प्रारंभ हो गया था। हम सब सौभाग्यशाली हैं की मध्य प्रदेश में पिछले 12 वर्षों में एकमात्र कृषि महाविद्यालय खुरई में बना है इसलिए यह बड़ी उपलब्धि है। हम सबको ध्यान है के बीच में जब 2019 में कुछ समय के लिए कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आई थी तो कैसे इस कृषि महाविद्यालय को छिंदवाड़ा ट्रांसफर करने का निर्णय कैबिनेट से हो गया था। पर ईश्वर हमारे साथ था, सवा साल में कमलनाथ जी की सरकार बदली और फिर से अपनी सरकार बनी तो हमने कृषि महाविद्यालय फिर वापस अपने खुरई में स्थानांतरित कराया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक रिसर्च सेंटर का भी इसमें प्रावधान है जिसके लिए ग्राम सुनैटी में 75 एकड़ शासकीय भूमि आवंटित की गई है।


## सांदीपनी स्कूल में 16 छात्र-छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें

**रहली।** सांदीपनी स्कूल में बुधवार को शासन की 'निशुल्क साइकिल वितरण योजना' के तहत एक सादे गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के 16 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साइकिलों का वितरण स्कूल के प्राचार्य दिलीप चौबे, हेड मास्टर संजय खरे और रहली नगरपालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राकेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्राचार्य दिलीप चौबे ने बताया कि शासन की इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले बच्चों की स्कूल तक राह आसान बनाना और शिक्षा को बढ़ावा देना है। संजय खरे ने कहा कि इन साइकिलों की मदद से बच्चे समय पर स्कूल आ सकेंगे, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी।

## गढ़ाकोटा में आज तीन रथों पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ बलदाऊ और सुभद्रा, रथयात्रा में शामिल होंगे कई साधु-संत



**गढ़ाकोटा।** भारत सहित बुंदेलखंड में जगजाहिर भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आज नगर गढ़ाकोटा में धूमधाम से निकलेगी। जिले की एक मात्र और प्रदेश की सबसे अनूठी 258 वीं रथयात्रा गुरुवार की शाम 6 बजे बैंडबाजे, अखाड़े, झांज करतल ध्वनि के बीच सिद्ध क्षेत्र जगदीश स्वामी मंदिर पटेरिया से शुरू हेगी। करीब 250 वर्षों से अधिक पहले हुई इस रथयात्रा में पूर्व मंत्री पंडित गोपाल भार्गव ने हर साल नित्य नये प्रयास कर भव्यता दी है। महामंडलेश्वर हरिदास महाराज ने बताया कि 22 फोट ऊंचे तीन अलग-अलग रथों पर भगवान जगन्नाथ स्वामी,भैया बलराम और बहन सुभद्रा एक साथ निकलेंगे। जगदीश मंदिर व्यवस्थापक पं.मनोज तिवारी ने बताया कि रथो को खींचने के लिए हजारों भक्तों के अलावा साधु-संतों का आना शुरू हो गया है। परंपरा है कि रथ खींचते वक्त जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ के जयघोष लगाए जाते हैं। सिद्ध क्षेत्र पटेरिया मंदिर से रथ यात्रा शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बाजार स्थित मालगुजार परिवार के जनकपुरी मंदिर पहुंचती है। जहां बुंदेली परंपरा के अनुसार मिर्चवानी से भगवान का स्वागत होता है। रथयात्रा की अगवानी के लिए बाजार में गाजे-बाजे के साथ मालगुजार परिवार एवं समस्त जनकपुरवासी आते है। इस अनोखो ऐतिहासिक रथ यात्रा के लिए शहर को हफ्तों पहले दुल्हन की तरह सजाया जात है। रथयात्रा का इस वर्ष 258 वां साल है और लगातार रथयात्रा से निकाली जा रही है। रथयात्रा की शुरुआत स्वामी जानकी दास महाराज ने की थी। और उन्हें स्वामी राम किशनदास महाराज के बाद पटेरिया जगदीश मंदिर की गद्दी सौंपी गई थी। जगन्नाथ मंदिर के महंत हरिदास जी के साथ साधु संतो ओर महंतो के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भगवान जगन्नाथ स्वामी के विग्रह स्वरूप को रथों पर विराजमान कर यात्रा का शुभारंभ करते है ओर जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ.... जय जगदेश जय जगदीश के घोष के बीच रथ यात्रा शुरू हो जाती है। किवदंती है कि एक बार रथयात्रा के दौरान भीड़ तले एक बालिका की मौत हो गई थी। तत्कालीन पुलिस इंस्पेक्टर ने हत्या के आरोप में महंत को गिरफ्तार कर लिया था महंत ने पुलिस से बालिका को रथ के सामने रखने को कहा, उन्होंने भगवान जगन्नाथ स्वामी से प्रार्थना की और उन्हीं के प्रताप से बालिका जिंदा हो गई थी। भगवान जगन्नाथ स्वामी के इस चमत्कार के बाद पुलिस इंस्पेक्टर ने स्वयं एक रथ का निर्माण कराया था। दूसरी किंवदंती हैं कि स्कंद पुराण के अनुसार राजा इंद्रद्युम्न के पूछने पर महर्षि जैमिनी ने भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाली 12 यात्राओं का विवरण सुनाया था। श्रीकृष्ण ने रथयात्रा को सभी यात्राओं से श्रेष्ठ बताया है। पुष्प नक्षत्र युक्त आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन मुझको सुभद्रा और बलदाऊ को यात्रा कराने वालों के सभी मनोरथ पूर्ण होंगे।







## थाना रहली में पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु के संबंध में एसडीएम रहली करेंगे जांच

**सागर।** थाना रहली में 13 जुलाई 2026 को पुलिस अभिरक्षा में रामदीन पिता बाबूलाल सेन, निवासी ग्राम धनगुवां, थाना रहली, तहसील रहली की मृत्यु के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल के आदेशानुसार एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर उक्त घटना की मजिसट्रियल जांच करेगें। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि घटना के संबंध में यदि कोई व्यक्ति लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य, अन्य कोई जानकारी प्रस्तुत करना चाहता है तो वे कार्यालयीन दिवस में कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी रहली में 22 जुलाई 2026 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल पटना बुजुर्ग में यूकेजी छात्रों का दीक्षांत समारोह संपन्न

**रहली।** क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल, पटना बुजुर्ग में कक्षा यूकेजी के नन्हे-मुन्ने छात्रों का दीक्षांत समारोह बेहद हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के अगले पड़ाव में प्रवेश करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वाति दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में जितना महत्वपूर्ण योगदान शिक्षकों का होता है, उतना ही बड़ा योगदान अभिभावकों का भी होता है। बच्चों को एक बेहतर इंसान और कामयाब नागरिक बनाने के लिए दोनों का मिलकर प्रयास करना जरूरी है। यदि हमें अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करना है, तो अनुशासित जीवन शैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा नए शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किए जा रहे 'स्पोर्टी ब्रेन' कार्यक्रम का आधिकारिक शुभारंभ भी मुख्य अतिथि स्वाति दुबे द्वारा किया गया।इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चा मानसिक रूप से तभी प्रसन्न और स्वस्थ रहता है, जब वह शारीरिक रूप से सक्रिय हो। 'स्पोर्टी ब्रेन' कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ेगा, शारीरिक क्षमता का विकास होगा, मानसिक प्रसन्नता और सक्रियता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जॉन्सी ने उपस्थित सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। दीक्षांत समारोह में मुख्य रूप से सिस्टर अमृता, मैनेजर सिस्टर सुधा, कृपाशंकर दुबे, यतेंद्र समाधिया सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ और बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता व अभिभावक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला, दो महिलाओं समेत चार पर केस

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम पंचौरा में खेत के रास्ते से ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि रास्ता रोकने का विरोध करने पर चार लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने तहरीर पर दो महिलाओं सहित चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जखौरा के ग्राम पंचौरा निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र सियाराम यादव ने बताया कि 12 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 3 बजे उनका ट्रैक्टर चालक भान सिंह खेत में बोनी करने के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। वह स्वयं ट्रैक्टर के पीछे-पीछे पैदल चल रहे थे। इसी दौरान खेत के रास्ते पर गांव के राजपाल, इन्द्रपाल, रानी और भाना लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और ट्रैक्टर का रास्ता रोक दिया। जब ट्रैक्टर चालक ने कहा कि यह सार्वजनिक रास्ता है और ट्रैक्टर निकलने दिया जाए, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। सुरेन्द्र सिंह ने इसका विरोध किया तो सभी आरोपी एकजुट होकर उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना के बाद घायल सुरेन्द्र सिंह ने थाना जखौरा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल एक मोटर साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के 11 दिन बाद युवक ने झांसी मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर सौजना पुलिस ने कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश जिला टीकमगढ़ के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम भेला निवासी हरि अहिरवार 24 जून 2026 को किसी कार्य से ललितपुर आए थे। वह अपनी मोटर साइकिल एमपी 36 एमटी 1434 से थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम जगारा स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप पीछे से तेज गति से आ रही कार संख्या एमपी 36 सी 6157 ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हरि अहिरवार सड़क पर दूर जा गिरे और उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएचसी बड़ागांव (टीकमगढ़) ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल टीकमगढ़ रेफर कर दिया। वहां से भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी भेजा गया, जहां उपचार के दौरान 5 जुलाई 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी रामदेवी निवासी ग्राम भेला, थाना बड़ागांव टीकमगढ़ ने थाना सौजना में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 106(1) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### 40 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**ललितपुर।** अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कोतवाली पुलिस ने बीती शाम एक व्यक्ति को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी भदैयापुरा और बंशीपुरा के बीच स्थित एक खाली प्लॉट में प्लास्टिक की बोरी में कच्ची शराब लेकर बिक्री की फिराक में बैठा था। पुलिस ने मौके से शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। 13 जुलाई 2026 की शाम को उपनिरीक्षक प्रशान्त राणा आरक्षी देवेन्द्र कुमार एवं राहुल कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। एक मुखबिर ने सूचना दी कि भदैयापुरा और बंशीपुरा के बीच नाले के पुल के पास स्थित खाली प्लॉट में एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में अवैध कच्ची शराब लेकर बैठा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया।

---

### जेपी कुशवाहा बने प्रदेश उपाध्यक्ष, बलबीर पटेल झांसी मंडल अध्यक्ष मनोनीत

# संगठन ने कर्मचारी हितों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



### जालम सिंह को मिली मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण एवं संगठनात्मक कार्यक्रम में जनपद ललितपुर को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपते हुए संगठन में महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व दिया गया। परिषद ने कर्मचारी हितों के लिए लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे वरिष्ठ कर्मचारी नेता जेपी कुशवाहा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

वहीं संगठन के विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से बलबीर पटेल (विकास खंड बिरधा) को झांसी मंडल अध्यक्ष तथा जालम सिंह (विकास खंड महरौनी) को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रांतीय कार्यकारिणी ने कहा कि संगठन में यह नई जिम्मेदारियां उन पदाधिकारियों को दी गई हैं, जिन्होंने लंबे समय से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के अधिकारों, समस्याओं और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया है। परिषद को विश्वास है कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेंगे।

नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी कुशवाहा ने कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेशभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को शासन और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। वहीं झांसी मंडल अध्यक्ष बलबीर पटेल ने कहा कि मंडल स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा प्रत्येक विकास खंड तक संगठन की पहुंच बढ़ाकर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

मंडल महामंत्री जालम सिंह ने भी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और कर्मचारियों को एकजुट करने का संकल्प दोहराया। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि यह सम्मान केवल तीन पदाधिकारियों का नहीं, बल्कि जनपद ललितपुर के समस्त ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के संघर्ष, विश्वास और संगठनात्मक एकता का सम्मान है। संगठन ने विश्वास जताया कि नई टीम कर्मचारियों के हितों की रक्षा, सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान, सामाजिक सुरक्षा तथा संगठन को प्रदेश स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर जनपद ललितपुर के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी, प्रदेश अध्यक्ष एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, कर्मचारियों की एकजुटता और अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प भी लिया गया। एकता ही संगठन की शक्ति है के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

---

### सफाई करने वाले स्वच्छकारों का सम्मान

## नपा परिषद में फूलमाला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर बढ़ाया हौंसला

स्वच्छता कर्मियों के योगदान को सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित नमस्ते योजना के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद में सीवर, गटर और नालों की सफाई जैसे जोखिमपूर्ण कार्य करने वाले स्वच्छकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों को फूलमालाएं पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष के प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन एवं अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने स्वच्छकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सीवर, गटर और नालों की सफाई जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने वाले इन कर्मियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायक है। सरकार की नमस्ते योजना का उद्देश्य भी ऐसे स्वच्छकारों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के अथक प्रयासों से ही नगर की सफाई व्यवस्था सुचारु बनी रहती है और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो पाता है। इसलिए इनके कार्य का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी स्वच्छता कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए निरंतर सहयोग देने का आह्वान किया।

सम्मान समारोह में पार्षद अमरदीप रजक, मुख्य सफाई स्टोर प्रभारी महेन्द्र यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, संजू कप्तान, अमित कुमार रिंकू सहित नगर पालिका परिषद के अनेक कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण सम्मान और उत्साह से भरपूर रहा तथा स्वच्छकारों ने इस सम्मान के लिए नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

---

# पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण करने पर भड़के अपना दल कार्यकर्ता

### सोयाबीन फसल के नुकसान का मुआवजा और शराबबंदी की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अपना दल (कमेरावादी) ने मंगलवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत किसानों और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी ललितपुर को सौंपा। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए तो पार्टी व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश का किसान इस समय कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होने से खेती प्रभावित हो रही है, जबकि कई स्थानों पर खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी से किसानों को अधिक कीमत पर उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पार्टी ने मांग की कि सरकार तत्काल खाद संकट समाप्त कर सभी किसानों को निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराए तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे। ज्ञापन में पेट्रोल और डीजल में इथेनॉल मिश्रण का मुद्दा भी उठाया गया।

पार्टी नेताओं का कहना था कि इससे आम उपभोक्ताओं और वाहन चालकों को तकनीकी व आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए इथेनॉल मिश्रण पर रोक लगाने की मांग की। अपना दल (कमेरावादी) ने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की भी मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि शराब के कारण सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं बढ़ रही हैं। जनहित और सामाजिक सुरक्षा को देखते हुए उत्तर प्रदेश में शराब के निर्माण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। किसानों की सबसे गंभीर समस्या बताते हुए पार्टी ने कहा कि क्षेत्र में हाल ही में बोई गई सोयाबीन की फसल बड़े पैमाने पर नष्ट हो गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए और नुकसान का आकलन कर किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

### प्रताड़ना से आहत अधेड़ ने पेड़ से लगाई फांसी

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी (मजरा छोटी पटारन) में एक 40 वर्षीय अधेड़ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। ग्राम खांदी (मजरा छोटी पटारन) निवासी भीकम सिंह पुत्र स्व. राजकुमार उर्फ बबलू यादव ने बताया कि 11 जुलाई 2026 की शाम करीब 6.30 बजे उसके पिता राजकुमार उर्फ बबलू यादव तथा भाई कृष्णपाल का गांव के रामसिंह, धर्मेंद्र, राजाराम और निम्मा से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान विपक्षियों ने मारपीट की, जिसमें कृष्णपाल घायल हो गया। सूचना उसी दिन पुलिस को दी गई थी और घायल का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया था। शिकायत के अनुसार, इस घटना के बाद राजकुमार उर्फ बबलू यादव कथित रूप से मानसिक तनाव और सामाजिक अपमान से बेहद आहत हो गए, अगले दिन आत्महत्या कर ली।

---

### महिला ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

# जमीन कब्जाने का विरोध करने पर ग्राम प्रधान समेत 7 पर गंभीर आरोप

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप



**ललितपुर।** जिले के पूराकलां थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे बाबा खिरक में जमीन विवाद को लेकर एक महिला ने ग्राम प्रधान समेत सात नामजद और दो अज्ञात लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए उसके पति पर जानलेवा हमला किया, कट्टा लगाकर अपहरण का प्रयास किया तथा बाद में घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता कर धमकी दी। वहीं पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाया है। जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में ग्राम छोटे बाबा खिरक निवासी भूरी पत्नी विजय ने बताया कि गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान उनके पुत्र समेत अन्य उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके पति पर बहनोई के हिस्से की जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहे हैं। परिवार द्वारा इनकार करने पर उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। शिकायत के अनुसार, 8 जुलाई 2026 की सुबह करीब नौ बजे जब पीड़िता के पति विजय पृथ्वीपुर जा रहे थे, तभी बटुआ घाट के पास आरोपियों ने स्कॉर्पियो वाहन से उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने विजय की कनपटी पर कट्टा लगाकर जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया और जमीन अपने नाम न कराने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, राहगीर पवन निवासी शंकरगढ़ सहित अन्य लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग गए।

आरोप लगाया कि इसके बाद 11 जुलाई की रात करीब नौ बजे आरोपी हथियारों और लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर पहुंचे। दरवाजा खुलवाकर गाली-गलौज की और पति तथा देवर का पता न बताने पर उसे निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाने की धमकी दी। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे देवर बलराम और हाकम के साथ भी मारपीट का प्रयास किया गया। परिवार ने किसी तरह दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

---

### जमीन के ठेके के रुपए मांगने पर विधवा महिला, भाई और मासूम बेटी पर हमला

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मऊमाफी में जमीन के ठेके के रुपये मांगना एक विधवा महिला को महंगा पड़ गया। आरोप है कि सास समेत छह लोगों ने महिला, उसके भाई और मासूम बेटी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं, महिला के साथ अभद्रता कर धमकाया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सभी छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मऊमाफी निवासी रंजना कोरी पत्नी स्व. रमेश कोरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी करीब तीन एकड़ कृषि भूमि सात वर्ष के लिए अपनी सास फूलन पंथ के पास ठेके पर दी थी। 10 जुलाई 2026 की शाम करीब 4.30 बजे वह ठेके के बकाया रुपये लेने अपनी सास के घर पहुंची। आरोप है कि रुपये मांगते ही फूलन पंथ गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर पहले से मौजूद अन्य लोग भी लाठी-डंडे लेकर आ गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसका भाई कालूदास बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दौरान महिला की मासूम बेटी सुभाश्री के साथ भी मारपीट की गई। घटना में महिला और उसके भाई को चोटें आईं। पुलिस ने आरोपियों में सास फूलन पंथ पत्नी मन्थू पंथ, हरप्रसाद पंथ पुत्र मल्थू पंथ, सुरेश अहिरवार पुत्र चाउया अहिरवार, सुरेश घोटाई, महेश अहिरवार पुत्र चाउया, क्रांति पत्नी महेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 352, 115(2), 76, 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### भाई के हत्यारों को उम्रकैद दिलाने वाले युवक को मिली जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** भाई के हत्यारों को अदालत से उम्रकैद की सजा दिलाने वाले एक युवक को अब जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर गाली-गलौज करते हुए हाथ-पैर तोडने और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तालबेहट के ग्राम म्यांव निवासी केशवेन्द्र सिंह पुत्र राजाभैया ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनके भाई राघवेन्द्र सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उन्होंने थाना तालबेहट में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने प्रभावी पैरवी की, जिसके बाद न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई। वर्तमान में सभी दोषी इटावा जेल में निरुद्ध हैं। 11 जुलाई 2026 की शाम करीब 5.17 बजे उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मुकदमे में दोषियों को सजा दिलाने की रंजिश रखते हुए गाली-गलौज की और हाथ-पैर तोडने के साथ जान से मारने की धमकी दी। केशवेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने पूरी बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग अपने मोबाइल फोन में सुरक्षित कर ली है। उनका कहना है कि जब उक्त नंबर को ट्रूकॉलर एप पर देखा गया तो वहां नईम खान नाम प्रदर्शित हो रहा था। पीड़ित ने आशंका जताई है कि यह धमकी जेल में बंद दोषियों के इशारे पर दिलाई गई हो सकती है। शिकायत पर थाना तालबेहट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सर्वोत्तम सिंह को सौंपी गई है।

# विदिशा के लिए तैयार हुआ वैज्ञानिक कृषि का रोडमैप, छह गांवों में होंगे कृषि प्रयोग

### बामौरा, बरखेड़ी जेतु, औलिंजा, सुमैर दांगी, गोकुलपुर और इशाखेड़ी का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली ने जिले की कृषि उन्नति के लिए वैज्ञानिक कृषि कार्य योजना (कृषि रोडमैप) तैयार किया है।

क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को डॉ. तपन अधिकारी के नेतृत्व में आई वैज्ञानिकों की टीम ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में बताया गया कि प्रारंभिक चरण में जिले के छह गांव बामौरा, बरखेड़ी जेतु, औलिंजा, सुमेर दांगी, गोकुलपुर और इशाखेड़ी का चयन किया गया है। इन गांवों में उन्नत बीज, आधुनिक सिंचाई तकनीक, नई फसल किस्मों तथा कृषि नवाचारों का प्रदर्शन चयनित किसानों के खेतों पर किया जाएगा।

कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि इन प्रयोगों का नियमित फॉलोअप किया जाए, ताकि सफल परिणामों का लाभ जिले के अन्य किसान भी उठा सकें। साथ ही किसानों के लिए केंद्रीय कृषि संस्थानों के अध्ययन भ्रमण की भी व्यवस्था करने को कहा। बैठक में लुधियाना के डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. संदीप दवांगे, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के डॉ. एन.के. लैंका, कृषि विज्ञान केंद्र विदिशा के डॉ. जितेंद्र कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। वैज्ञानिकों ने एफपीओ से जुड़े किसानों को फसल प्रसंस्करण, पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के लिए प्रशिक्षण एवं उद्यमिता के अवसरों की भी जानकारी दी।

---

### अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# जिले की 70 ग्राम पंचायतों में डेढ़ माह से सचिवों के पद खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद की करीब 70 ग्राम पंचायतों में पिछले डेढ़ माह से ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारियों (वीडीओ) पद रिक्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। पंचायतों में जरूरी प्रशासनिक कार्य ठप पड़े हैं, जिससे आम ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सचिवों की तैनाती की मांग की है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव कुं.गजेन्द्र सिंह बुन्देला के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि जनपद के सभी छह विकास खंडों की लगभग 70 ग्राम पंचायतों में सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों के स्थानांतरण हुए करीब डेढ़ माह बीत चुका है। इसके बावजूद अब तक न तो नए अधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया है और न ही रिक्त पंचायतों में नई तैनाती की गई है। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं का संचालन प्रभावित हो गया है और पंचायत स्तर के अधिकांश कार्य बंद पड़े हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि सचिवों के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र से संबंधित प्रक्रियाएं बाधित हो गई हैं। नए शैक्षणिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनके एडमिशन प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, न्यायालयों में लंबित मामलों में परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने से वादकारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान संगठन का आरोप है कि पिछले डेढ़ माह से लगातार संबंधित अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। संगठन का कहना है कि यदि शीघ्र ही सभी रिक्त ग्राम पंचायतों में सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की गई तो ग्रामीणों के हित में आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रदेश महासचिव कुं.गजेन्द्र सिंह बुन्देला एवं प्रशासक ग्राम पंचायत अमरिया, विकास खंड बिरधा, वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी एड., ग्राम प्रधान छिल्ला गुंजन सिंह राजपूत सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### गंदा पानी फेंकने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप

**ललितपुर।** सिविल लाइन चौकी क्षेत्र स्थित गांधीनगर नई बस्ती में पड़ोसियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। एक परिवार ने अपने पड़ोसियों पर लगातार मानसिक उत्पीडन करने, तेज आवाज में साउंड बजाकर परेशान करने, घर के सामने गंदा पानी फेंकने, गाली-गलौज करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने सिविल लाइन चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांधीनगर नई बस्ती, रानी अवंतीबाई स्कूल के पास निवासी नन्द किशोर साहू पुत्र रामसेवक साहू ने बताया कि उनके मकान के सामने रहने वाले रामनाथ बंशकार एवं उनकी पत्नी आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न करते हैं। आरोप है कि सुनीता सुबह और देर रात तक अत्यधिक तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाती हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि पड़ोसी महिला जानबूझकर नाली का गंदा पानी उनके मकान के सामने बहा देती हैं। नन्द किशोर साहू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा की मांग की है।

## टचिंग ग्राउंड के बजाए वार्ड मोहल्लों में जलाकर हो रहा कचरा का निपटान

# अध्यक्ष और पार्षदों की लड़ाई में चरमराई साफ-सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर की जनता इन दिनों पार्षदों और अध्यक्ष के बीच चल रहे विवाद से पीड़ित है। अध्यक्ष को पार्षद सपोर्ट नहीं कर रहे हैं और अध्यक्ष पार्षदों को। नतीजा विजयपुर शहर में न तो निर्माण के लिए कोई विकास कार्य हो रहे हैं न हीं साफ सफाई की व्यवस्था ठीक से चल पा रही है। पार्षदों से कहो तो अध्यक्ष काम नहीं कराने दे रहे हैं रटा रटाया जवाब दे देते हैं कमोवेश यही जवाब नप अध्यक्ष का रहता है कि पार्षद काम नहीं करने दे रहे हैं। नगर सरकार का मुखिया और नगर सरकार में वार्ड मंत्रियों (पार्षदों) के बीच खींचतान का खामियाजा बीते एक साल से भी अधिक समय से जनता को उठाना पड़ रहा है।

विजयपुर नगर में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच चल रहे विवाद के चलते बीते एक साल से तो नगर परिषद में बजट की बैठक ही नहीं हो सकी है। बिना किसी कार्य योजना के प्रशासन काल की तरह नगर परिषद का कार्यकाल चल रहा है ना पीआईसी की बैठक ना परिषद का सम्मेलन बुलाया जा रहा है। जिसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। विजयपुर के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। लोगों को मजबूरी में कचरा सड़क किनारे फेंकने को मजबूर होना पड़ रहा आश्चर्य की बात तो यह है कि नगर परिषद के जिम्मेदार इस समस्या की और नजर उठाकर भी नहीं देख रहे हैं। कई जगह तो दिन भर कचरे के ढेर पड़े रहते हैं जिनका निपटान सफाईकर्मी जलाकर कर रहे।



### नाम का ट्रेंचिंग ग्राउंड, जगह जगह जल रहा कचरा

शहर से निकाले जाने वाले कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण करने के उद्देश्य से प्रशासन ने करीब 6 किलोमीटर दूर शहर से बाहर ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाया हुआ है। यहां पर नगर पालिका को कचरे का निस्तारण इस तरह से करने के निर्देश हैं जिससे वातावरण दूषित ना हो और कचरे का उपयोग जैविक खाद के रूप में हो सके पर नगर परिषद इस स्थान पर आज तक एक मुट्ठी तक जैविक खाद तैयार नहीं कर सकी है। उलटे कचरे का निपटान जलाकर किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इसके अलावा टचिंग ग्राउंड की दूरी अधिक होने से कचरा बस्तियों में ही जगह-जगह ढेर लगाकर आग लगाने का काम किया रहा है जिससे पर्यावरण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है।

### दुकानदारों पर नहीं परिषद का नियंत्रण

कचरा सड़कों पर ना फेंका जाए इस उद्धेश्य से हर दुकान के बाहर और घरों के भीतर डस्टबिन रखे गए हैं। यह डस्टबिन कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने निशुल्क वितरण किए हैं तो कुछ नगर परिषद ने भी बाजारों में सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए है। जिनमें से अधिकतर डस्टबिन गायब भी हो चुके हैं। दुकानदारों को भी दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने के निर्देश दिए हैं ताकि कचरा गाड़ी में उक्त डस्टबिन मैं एकत्रित हुए कचरे को डाला जाए और उसे टचिंग ग्राउंड निस्तारण के लिए ले जाया जाए पर विजयपुर के बाजारों में दुकानों के आगे डस्टबिन गायब दिखाई पड़ रहे हैं दुकानदार कचरा सड़क पर ही पटक रहे हैं जिससे नगर की स्वछता पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। हालांकि कचरा सड़क पर फेंके जाने वाले दुकानदारों पर जुर्माना करने का प्रावधान है लेकिन शायद नगर परिषद के कर्मचारियों को या तो इसका ज्ञान नहीं है या फिर वह जानबूझकर जुर्माना नहीं कर रहे है।

### इनका कहना...

शहर से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था की गई है। घरों पर पहुंचकर कचरा कलेक्ट कर टचिंग करना भेजा जा रहा हैं। अगर कोई दुकानदार सड़क पर कचरा फेंक रहा है या जला का रहा है तो उसके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

**सौरभ सिंह**
**सीएमओ विजयपुर**

## मानपुर में सबसे ज्यादा व अगरा में सबसे कम निराकरण

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाए, अन्यथा कार्रवाई होगी: शीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाई जायें, अगली समीक्षा बैठक के पूर्व तक सुधार नही हुआ तो संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। यह निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि राजस्व अधिकारी निर्धारित दिनो में राजस्व न्यायालयों में बैठकर मामलों का निराकरण करें, समीक्षा में पाया गया कि नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के न्यायालयों में निराकरण का कुल प्रतिशत 65.97 है, मानपुर द्वारा सबसे ज्यादा 72.99 प्रतिशत निराकरण किया गया है, जबकि अगरा का निराकरण प्रतिशत सबसे कम 52.99 है। अविवादित नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि विजयपुर में सबसे कम 53.45 प्रतिशत निराकरण है, मानपुर में सर्वाधिक 69.78 प्रतिशत निराकरण है, कुल 4640 में से 2950 प्रकरण निराकृत किये गये है तथा 13 न्यायालयों में शेष 1690 प्रकरण लंबित है। उन्होने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अविवादित बटवारा प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि रघुनाथपुर एवं विजयपुर में निराकरण की स्थिति कम है तथा पहेला में सबसे ज्यादा मामले निराकरण किये गये है। इसी प्रकार सीमांकन का कुल निराकरण प्रतिशत 89.80 पाया गया, अगरा और पाण्डोला में शत प्रतिशत निराकरण पाया गया तथा गोरस में सबसे कम 57.97 प्रतिशत निराकरण हुआ है। सभी न्यायालयों में सीमांकन के कुल 735 प्रकरणों में से 660 निराकृत कर दिये गये है तथा शेष 75 प्रकरण लंबित है।

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनजातीय क्षेत्रो में लगने वाले विभिन्न प्रकार के मेलो की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जायें। इसी प्रकार उन्होंने राजस्व वसूली के 9 करोड के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। बैठक में बताया गया कि अभी तक 4 करोड 47 लाख 4 हजार 442 रूपये की राजस्व वसूली विभिन्न तहसीलदारो द्वारा की गई है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि टैम्पल रिकार्ड पोर्टल पर सभी 660 मंदिरों की जानकारी अपलोड की जायें, अभी तक 395 मंदिरों की जानकारी दर्ज हुई है। इसी प्रकार उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत ई-केवायसी से शेष 4 प्रतिशत किसानों की ई-केवायसी भी पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिले में उक्त योजना के तहत 1 लाख 2 हजार 652 किसानों में से 98 हजार 234 किसानों की ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो कार्य पूर्णता का 96 प्रतिशत है। इसी प्रकार उन्होंने शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने के लिए सभी एसडीएम को कार्य योजना बनाने तथा योजना के अनुरूप ग्रामों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री से शेष किसानों की ग्रामवार सूची तैयार कर शिविर लगाये जायें।

## ग्राम पंचायत जावदेश्वर में रघुनाथ जी के मंदिर की 66 बीघा भूमि का मामला

# मंदिर की जमीन पुजारी से मुक्त कराने कलेक्ट्रेट पर भजन कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ग्राम पंचायत जावदेश्वर में श्री रघुनाथ जी महाराज बड़ा मंदिर पर भूमि को पुजारी से मुक्त कराने ग्रामीणों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए कलेक्ट्रेट पर भजन कीर्तन किए।

ग्राम पंचायत के उप सरपंच गिर्राज मीणा ने बताया कि बड़ा मंदिर की 66 बीघा का प्रशासन द्वारा नियुक्त किए गए पुजारी द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। पुजारी भगवान की पूजा तो कर ही नहीं रहा अलबत्ता जमीन को जुतवाकर पूरा पैसा अपने पास रख रहा है। इस संबंध में पूर्व में सभी ग्रामीण एकजुट होकर कई बार ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन प्रशासन पुजारी के कब्जे से भगवान की जमीन को मुक्त नहीं करवा रहा है। जिसके चलते बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया गया।

# श्योपुर के आठ कार्यवाहक निरीक्षक पदोन्नत, प्रमोशन लिस्ट जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिस विभाग में इन दिनों पुलिसकर्मियों को रेगुलर प्रमोशन दिया जा रहा है। इसी क्रम में उप निरीक्षक तथा कार्यवाहक निरीक्षकों को पदोन्नत करते हुए उन्हें निरीक्षक बना दिया गया है। बीती रात को भोपाल से जारी हुई 1029 पुलिसकर्मियों की प्रमोशन लिस्ट में श्योपुर जिले के आठ कार्यवाहक निरीक्षको के नाम भी शामिल है।

श्योपुर जिले में पदस्थ जिन कार्यवाहक निरीक्षको को यह पदोन्नति दी गई है,उनमें कोतवाली थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर, वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल, विजयपुर थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर, मानपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे, ढोढर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, महिला थाना प्रभारी यास्मीन खान,अजाक थाना प्रभारी पप्पू सिंह यादव, कराहल थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर के नाम शामिल है। इस पदोन्नति आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि कोई लोक सेवक निलंबित हो या उसके खिलाफ कोई विभागीय जांच हेतु आरोप पत्र जारी कर दिया गया हो या फिर सक्षम न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत कर दिया हो, ऐसे पुलिस अधिकारियों के जानकारी भेजने के लिए संबंधित पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है। बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचे पदोन्नति पाने वाले इंस्पेक्टरो को पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने पदोन्नति मिलने की शुभकामनाए देते हुए अपने कार्य को और बेहतरी के साथ करने के लिए प्रेरित किया।

### सतीश बने डीएसपी, एसपी ने दी शुभकामनाएं

बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान भी पदोन्नत होकर डीएसपी बन गए है। बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचे सतीश सिंह को एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल और एएसपी प्रवीण भूरिया ने उनके कंधे पर थ्री स्टार के साथ लगे रिबिन को काटकर उन्हें डीएसपी बनने की शुभकामनाएं प्रदान की।

# गोचर भूमि को मुक्त कराने और गो तस्करों पर कार्रवाई की मांग को लेकर 27 को ज्ञापन सौपेंगा गो रक्षा महासंघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



गोचर भूमि को अवैध कब्जो से मुक्त कराने तथा गो तस्करो के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर 27 जुलाई को न केवल हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा,बल्कि कलेक्ट्रेट पहुंचकर तहसीलदार श्योपुर को एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस तरह का निर्णय बुधवार को बडौदा स्थित गायत्री मंदिर पर आयोजित अखिल भारतीय गो रक्षा महासंघ जिला श्योपुर की बैठक के दौरान लिया गया। अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष मुकेश मोहन शास्त्री ने बताया कि देशभर के 26 प्रांतो में चल रहे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य केवल कागजी कार्रवाई करना ही नहीं है,बल्कि धरातल पर बडा एक्शन लेना है। बैठक के दौरान गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और राष्ट्र सम्मान की मांग जोरदारी से उठाई गई। साथही 27 जुलाई को हस्ताक्षर अभियान और ज्ञापन सौपने के दौरान अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह गोमाता प्रेमियो से किया गया। बैठक में महासंघ के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर गौतम,कोषाध्यक्ष मुकुट धाकड, जिला मंत्री बलराम गौतम, नितेश शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, बैकुण्ठ नाथ मिश्रा आदि भी मौजूद थे।

# क्वारी नदी में नहाने गई महिला की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर स्थित क्वारी नदी के के महाकाल घाट पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक महिला की डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार विजयपुर निवासी 60 वर्षीय महिला सरोज पटबा बुधवार दोपहर को महाकाल घाट पर स्नान करने गई थी। जहां नहाते समय पैर फिसलने से महिला नदी में डूब गई। काफी देर तक जब महिला घर नहीं लौटी,तब परिजन उसे ढूंढने नदी पर आए तो वहां नदी किनारे कपडे और चप्पल देखकर उन्हें नदी में डूब जाने का अंदेशा हो गया और फिर तलाश करने पर महिला का शव नदी में मिल गया। विजयपुर थाना पुलिस ने पीएम के बाद महिला के शव को परिजनो को सौप दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सीईओ जनपद एवं एसडीओ पीएचई द्वारा संयुक्त निरीक्षण

श्योपुर। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा नल-जल योजना की समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीण विकास विभाग और पीएचई अधिकारियों को ग्रामों में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में सीईओ जनपद विजयपुर दीपक धाकड एवं पीएचई एसडीओ आरपी सेगर द्वारा ग्राम पंचायत इकलौद के दुल्हावाला ग्राम में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। संयुक्त दल में शामिल अधिकारियों द्वारा नलजल योजना के स्त्रोत कुएं की मरम्मत कराये जाने के निर्देश संबंधित पंचायत सचिव को दिये गये।

# आरटीओ ऑफिस में 500 रुपए लेते बाबू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर आरटीओ कार्यालय में एक बाबू द्वारा 500 रूपए का नोट लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अब यह 500 का नोट बाबू ने संबंधित का काम करने के एवज में रिश्वत के रूप में लिए है या फिर देने वाले ने उधारी के वापस दिए हैं कह नहीं सकते लेकिन वीडियो पर लोग आरटीओ विभाग को आड़े हाथों लेते हुए खूब कमेंट्स ज़रूर कर रहे हैं।

जिस व्यक्ति ने वीडियो बनाया है उसने अपना कैमरा सम्भवतः शर्ट की जेब में इस तरह रखा हुआ था कि चलते समय पूरे ऑफिस की वीडियो बन जाए और बाद में उस टेबल पर जाकर खड़ा हो गया जहां बाबू काम करते हुए अन्य लोगों से बात कर रहा था हालांकि बाबू से काम कराने के लिए ऑफिस के बाहर खिड़की लगाई गई है काम कराने वाले लोग ऑफिस के भीतर नहीं आते हैं लेकिन संबंधित शायद बाबू के संपर्क वाला था सो ऑफिस में पहुंच गया और पहुंचने के बाद पहले तो मैं 500 रुपए के नोट की वीडियो अपने मोबाइल से अच्छे से बनाई और बाद में बाबू को बोलकर रुपए भी दे दिए बाबू ने झट से 500 का नोट अपने हाथ में लेकर उसे जेब में रख लिया। उधर आरटीओ जगदीश भील ने इस मामले की जांच कराए जाने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है।

## जल संसाधन विभाग ने 1200 क्यूसेक पानी छोड़ने की भेजी डिमांड

# चंबल नहर में छोड़ा 1050 क्यूसेक पानी, किसान बोले पानी अपर्याप्त, कैसे हो पाएगी सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानसून की दगाबाजी से जिले के उन किसानों के माथे पर चिंता लकीरे उभर आई है, जिनके द्वारा अपने खेतो में धान की पौध रोप दी गई है। बारिश न होने से परेशान दिख रहे जिले के किसान धान की फसल को सूखने से बचाने के लिए चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पानी छोडने की मांग उठा रहे है। इसके लिए किसान नेताओ के द्वारा पिछले दिनों ढोटी में चंबल नहर के पास धरना प्रदर्शन भी किया गया। इसके बाद जिले के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने 1200 क्यूसेक पानी चंबल नहर में छोडने की डिमांड राजस्थान की ओर भिजवा दी है। इस डिमांड के बाद कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में सिर्फ 1050 क्यूसेक पानी छोडा गया है। नहर में छोडे गए पानी को श्योपुर क्षेत्र के किसानों ने अपर्याप्त बताते हुए सवाल उठाया है कि इतने कम पानी से खेतों की सिंचाई कैसे हो पाएगी। श्योपुर जिले की सीमा में दाखिल होने से पहले राजस्थान के किसान भी इस पानी का उपयोग सिंचाई के लिए करेगे।

दरअसल श्योपुर जिले में इस वर्ष 1.10 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन अभी तक करीब 15 हजार हेक्टेयर में ही धान की बोवनी हो पाई है। बारिश न होने से धान की बुबाई करने का कार्य धीमा पड गया है। सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली भी नहीं मिल पा रही है। जिसकारण धान की बुबाई करने की तैयारी करके बैठे किसानों की परेशानियां बढ गई है। इसलिए किसान चंबल नहर में सिंचाई के लिए पानी छोडने की मांग कर रहे है। पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान भी किसानों की नहर में पानी छोडने की मांग को जायज बताते हुए प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को भी पत्र भेजकर चंबल नहर में पानी छुडवाए जाने का आग्रह कर चुके है।



### पानी की मात्रा बढ़े तो हो सकते है एक पंथ दो काज

चंबल दाहिनी मुख्य नहर में 14 जुलाई को कोटा बैराज से सिर्फ 1050 क्यूसेक पानी छोडा गया है। जो डिमांड के मुताबिक नहीं है। क्योंकि विभाग की ओर से 1200 क्यूसेक की डिमांड भेजी गई है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारी नहर में पानी की मात्रा और बढाए जाने के लिए राजस्थान के अधिकारियों से चर्चा करने की बात कह रहे है। यदि चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी की मात्रा बढा दी गई तो इससे श्योपुर जिले में एक पंथ दो काम हो सकते है। यानि एक काम तो किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल जाएगा,वहीं दूसरा काम चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की जीएम 3 की टेस्टिंग भी हो जाएगी। क्योंकि जीएम 3 की टेसटिंग अभी तक नहीं हो पाई है।

### इसलिए कम छोड़ा कोटा बैराज से पानी

कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में कम पानी छोडने की वजह गांधी सागर बांध से कम पानी छोडना बताई जा रही है। विभागीय सूत्रों की माने तो गांधीसागर बांध से 2 हजार क्यूसेक के आसपास पानी छोडा गया है। इसलिए कोटा बैराज से निकली दोनो नहरो में एक-एक हजार के आसपास क्यूसेक पानी छोडा गया है।

### पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो करेंगे धरना प्रदर्शन

किसान नेता राधेश्याम मूंडला का कहना है कि इस संबंध में धान की फसल के लिए चंबल नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी छोडने की सख्त जरूरत है। लेकिन इसके बाद भी चंबल नहर में कम पानी छोडा गया है। पानी की मात्रा बढाई जाना चाहिए। यदि चंबल नहर में पानी की मात्रा जल्द ही नहीं बढाई गई तो इस मामले को लेकर किसानों के साथ धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

# नवीन आचार्य वर्ग का समापन, संस्कारयुक्त शिक्षा और समाज सेवा पर दिया गया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एकल विद्यालय अभियान के माध्यम से श्योपुर अंचल कार्यालय पर आयोजित दस दिवसीय आवासीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन हो गया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में श्योपुर अंचल के विभिन्न संचो से, विजयपुर, वीरपुर, ढोढर, करहाल,गसबानी,श्योपुर, बढ़ोदा, आदि संचो से नवीन आचार्य उपस्थित शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ मंचासीन थे। उन्होने प्रशिक्षुओं को समाज सेवा, संस्कारयुक्त शिक्षा और सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होने आगे कहा कि आचार्यों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और जागरूकता का प्रसार करना भी उनकी जिम्मेदारी है। इस दौरान विजयसिंह भाग प्रशिक्षण प्रमुख ने एकल विद्यालय के विषय तथा नंदकिशोर ने ग्राम उत्थान रिसर्च सेंटर के विषय को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। समापन अवसर पर मदन मोहन गर्ग अंचल समिती अध्यक्ष, ओमप्रकाश टकसालीआरोग्य शिक्षा प्रभारी, शिशुपाल शर्मा अंचल कार्यालय प्रभारी, गोविन्द श्योपुर नगर खंड कार्यवाह, सीताराम अंचल अभियान प्रमुख श्योपुर, शिवचरण अंचल प्रशिक्षण प्रमुख,आशीष अंचल कार्यालय प्रमुख और संच प्रमुख उपस्थित थे।

# जल संसाधन ईई का प्रमोशन



श्योपुर।जल संसाधन विभाग श्योपुर के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान का प्रमोशन हो गया है। शासन ने उन्हें सहायक यंत्री से पदोन्नत करते हुए कार्यपालन यंत्री बना दिया है। जिसके चलते चैहान अब श्योपुर के प्रभारी कार्यपालन यंत्री से स्थाई कार्यपालन यंत्री बन गए है। इस पदोन्नति पर विभागीय अधिकारी कर्मचारियो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### एससी आयोग के अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा

श्योपुर। मप्र राज्य अनूसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव 16 जुलाई से श्योपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे कूनो वनमंडल के श्योपुर स्थित रेस्टहाउस पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष सहित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षदगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत हिनोतिया पछार निवासी रामकुमारी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से विशाल यादव, रामराजा यादव, राजकुमारी यादव,नन्हे राजा यादव ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम राजतला निवासी राजपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडई 0225 के चालक धर्मेन्द्र लोधी ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर कदवाया रोड की पुलिया के पास उसमें टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबेडकर मोहल्ला निवासी विनोद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रणवीर मोर्य ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी रामस्वरूप लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सप्पा, छोटू और सोहिल मुसलमान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी कुलदीप रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी त्रिद्वीप रावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नागफन्नी चक्क निवासी देवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आंनद, कालू, लाखन और यश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया फूट निवासी विमल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र अहिरवार ने उधारी के पैसे लेने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी सायना बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जाकिर अली और समीदन बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांवसर जागीर निवासी हरवीर शिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेलेन्द्र, छोटू और प्रताप शिकारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नर्वदी बाई शिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कल्याण, हरवीर और दीपक शिकारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सागर के 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

# एमजीएफआई गेम्स 2026 में कराते खिलाड़ियों ने जीते 20 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

एमेच्योर कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन ( एकेडीए) सागर के खिलाड़ियों ने एमजीएफआई गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया। नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के हेड कोच तथा प्रथम विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित शिहान जयदेव शर्मा के नेतृत्व में सागर के 11 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सागर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 6 रजत एवं 11 कांस्य सहित कुल 20 पदक अपने नाम किए। सागर टीम की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे अमेच्योर कराटे एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश की रेफरी कमीशन के सदस्य तथा अमेच्योर कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन, सागर के मुख्य सचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई संदीप अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन, अनुशासित प्रशिक्षण और अथक परिश्रम ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई संदीप अग्रवाल ने बताया प्रतियोगिता का सफल आयोजन एमजीएफआई के अध्यक्ष डॉ. संदीप संधू, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, दिल्ली आर्म्ड पुलिस के डीसीपी महेश कुमार बर्नवाल (आईपीएस), एमजीएफआई गेम्स 2026 की आयोजन



अध्यक्ष अंतरा मिश्रा, एमजीएफआई के उपाध्यक्ष दीपक जैन, कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बैकुंठ सिंह तथा लोक शिकायत आयोग के सदस्य राजेन्द्र पाल उपाध्याय (सेवानिवृत्त आईपीएस) की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग में





संपन्न हुआ। यह रहे पदक विजेता- काता में काम्या, भूमि कुशवाहा, मितेश जैन ने स्वर्ण पदक, अन्नपूर्णा झा, प्रज्ञा सिंह, कार्तिक चौधरी ने रजत पदक एवं पलक धाकरे, ऋषिका अहिरवार, श्रेयांश, आर्या जैन ने कांस्य पदक जीता। इसी तरह कुमिते में काम्या अहिरवार, मितेश जैन, श्रेयांश चतुर्वेदी ने रजत पदक एवं अन्नपूर्णा झा, पलक धाकरे, प्रज्ञा सिंह, काव्या अहिरवार, कार्तिक चौधरी, आर्या जैन, ऋषिका अहिरवार, भूमि कुशवाहा ने कांस्य पदक जीता।

### इनर व्हील क्लब ने लगाया पौधा, आने वाले कल को हराभरा बनाने का संकल्प




**अशोकनगर।** इनर व्हील क्लब ऑफ अशोकनगर द्वारा गांधी इंटरनेशनल स्कूल, अशोकनगर में विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं था, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित करना था।

बच्चों को पेड़ों का महत्व बताते हुए समझाया गया कि पेड़ हमें शुद्ध वायु, फल, छाया, औषधियाँ तथा वर्षा का आधार प्रदान करते हैं। क्लब द्वारा 25 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया तथा बच्चों को उनकी नियमित देखभाल के लिए वॉटरिंग कैन भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल, सचिव रिचा जैन, अर्चना बंसल, चैतन्य मनोरिया, अंजू अग्रवाल, सुशीला गुप्ता, नीलू सेठ,विजेता कंसल, नीलू जैन एवं सरिता अग्रवाल सहित क्लब की सदस्यों ने सहभागिता की। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और उनके उत्साह एवं मासूम खुशी के बीच प्रकृति से जुड़ने का एक सुखद एवं अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

### चार दिवसीय दौरे की तैयारियां जारी

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया 17 जुलाई को करेंगे नई इमारत का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक चार दिवसीय अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 15 जुलाई 2026 को सायं 07.10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 10 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर आयेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। 4 दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत 17 जुलाई को अशोकनगर रेलवे स्टेशन भवन का लोकार्पण करेगें।

केन्द्रीय मंत्री 16 जुलाई 2026 को प्रातः 09.40 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रातरू 09.45 बजे तार वाले बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन करेगें। प्रातः 10.05 बजे तारवाले बालाजी मंदिर से प्रस्थान कर प्रातः 10.10 बजे से प्रातः 11.25 बजे तक जनसंपर्क कार्यालय में जनसुनवाई करेगें। प्रातः 11.30 बजे विधि महाविद्यालय अशोकनगर प्रस्थान कर आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की बहनों के साथ संवाद करेगें। दोपहर 12.45 बजे विधि महाविद्यालय अशोकनगर से प्रस्थान कर दोपहर 02.55 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। दोपहर 03.05 बजे मंडी ग्राउण्ड बहादुरपुर पहुंचेगें एवं कृषि सम्मेलन में भाग लेगें। अपरान्ह 04.05 बजे से अपरान्ह 04.25 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। अपरान्ह 05.15 बजे सेमरखेडी पहुंचेगे एवं विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें। सायं 06.15 बजे सेमरखेडी से प्रस्थान रात्रि 08.55 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। तत्पश्चात रात्रि 09 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेगें।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 17 जुलाई 2026 को प्रातः 09.55 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेगें। कलेक्ट्रेट अशोकनगर में प्रातः 10 बजे से प्रातः11.30 बजे तक डीवीएमसी की बैठक लेगें। प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कलेक्ट्रेट में प्रेस कान्फ्रेस करेगें। दोपरह 12 बजे कलेक्ट्रेट अशोकनगर से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे सेमरी शाहबाद पहुंचेगे एवं ग्राम चैपाल एवं शासकीय स्कूल भवन का लोकार्पण करेगें। दोपहर 01.15 बजे सेमरी शाहबाद से प्रस्थान कर दोपहर 02.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। दोपहर 02.40 बजे अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगें एवं अशोकनगर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्वार उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेगें। अपरान्ह 04.30 बजे अशोकनगर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान कर अपरान्ह 04.45 बजे तुलसी सरोवर अशोकनगर पहुंचकर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी का अभिनंदन एवं संवाद कार्यक्रम में भाग लेगें। सायं 06 बजे तुलसी सरोवर से प्रस्थान कर पारकना,सेहराई में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। रात्रि 08 बजे पारकना, सेहराई से प्रस्थान कर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। रात्रि 09.50 बजे किला कोठी पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 18 जुलाई 2026 को प्रातः 09.25 बजे किलो कोठी से प्रस्थान कर प्रातः 09.30 बजे जागेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर दर्शन करेगें।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गुना रोड बरखेड़ी स्थित 'संस्कार अकादमी स्कूल' में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शशि सलूजा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का महत्व समझाया।

अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का साहस एवं धैर्य के साथ सामना कैसे करें तथा अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं बड़ों का सम्मान करना क्यों आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों



को अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों, समय के सदुपयोग एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस प्रेरणादायी सेमिनार में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रेरक गतिविधियों एवं संवाद सत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को समझा। विद्यालय के निदेशक राजदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।



### पिपरई के प्रभारी नायब तहसीलदार की तहसीलदार के पद पर पदोन्नती

**पिपरई।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने पिपरई प्रभारी नायब तहसीलदार अंजनी कुमार चैधरी को कलेक्टर द्वारा प्रभारी नायब तहसीलदार से नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति किया। इस अवसर पर पिपरई हल्का पटवारी माधवराव यादव,कमलेश श्रीवास्तव, अनिल कुमार चैरसिया, बबीता रघुवंशी, पत्रकार रनबीर विश्वकर्मा कृष्ण कुमार चैकीदार काशीराम चैकीदार एवं समस्त स्टाफ ने नायब तहसीलदार अंजली चैधरी को पदोन्नति होने पर मिठाई खिला कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी में डॉ. महेश मिश्रा मनोनीत, नागरिक अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

वरिष्ठ रेल पेंशनर एवं समाजसेवी डॉ. महेश मिश्रा को ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमैन्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किए जाने पर नगर में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड पार्क स्थित मॉर्निंग वर्कआउट ग्रुप के सदस्यों द्वारा डॉ. महेश मिश्रा का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया गया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

इसके पश्चात बीना रेलवे पेंशनर समाज की ओर से भी उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. महेश मिश्रा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मनोनीत

**ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमैन्स फेडरेशन**



होने से रेल पेंशनरों की समस्याओं के समाधान तथा उनके हितों की प्रभावी पैरवी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र दुबे, बीना रेलवे पेंशनर समाज के सचिव डीके गोस्वामी, आरपी बिरोनिया, पीएस परिहार, बीएल साध्या, श्रीकांत समेले तथा वरिष्ठ समाजसेवी रविंद्र राय सहित मॉर्निंग वर्कआउट ग्रुप एवं बीना रेलवे पेंशनर समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने डॉ. महेश मिश्रा को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

# विद्यार्थी हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर एबीवीपी ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला अशोकनगर द्वारा विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक विषयों एवं जिले की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने मांग की कि सभी विषयों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समयबद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने जिले के अनेक निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों एवं पालकों पर विद्यालयीन ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सामग्री केवल चिन्हित दुकानों से खरीदने का दबाव बनाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसे विद्यालयों की जांच कर दोषी संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही हाल ही में निर्मित जिला के सीएम राइज विद्यालय भवन की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाते हुए भवन निर्माण एवं परिसर में निर्मित साइकिल स्टैंड सहित अन्य निर्माण कार्यों की तकनीकी एवं वित्तीय



जांच कराने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

परिषद ने उत्कृष्ट विद्यालय, अशोकनगर में विद्यार्थियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्षों के शीघ्र निर्माण की मांग भी की, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त जिले के सभी निजी कोचिंग संस्थानों एवं अध्ययन लाइब्रेरियों की अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन निकास एवं अन्य सुरक्षा मानकों की संयुक्त जांच कराने की मांग की गई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। ज्ञापन में नगर के संजय स्टेडियम की अव्यवस्थाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई।

परिषद ने बताया कि स्टेडियम परिसर में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों एवं खिलाड़ियों के प्रति अनुचित व्यवहार की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। ऐसे में स्टेडियम में नियमित निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। परिषद ने कहा कि यदि उपरोक्त विषयों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित में चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

# कलेक्टर ने 324 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 324 आवेदकों ने आवेदन दिए।

### लोक शांति भंग करने पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए जाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने संज्ञान लेते हुए जितेन्द्र लोधी निवासी मुंगावली द्वारा लायसेंसी बंदूक का झगडे के दौरान इस्तेमाल करने पर एसडीएम मुंगावली को शस्त्र लायसेंस निलंबित किये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जितेन्द्र लोधी द्वारा आपसी झगडे के दौरान लायसेंसी बंदूक के इस्तेमाल से लोक शांति व्यवस्था भंग की गई। जिसके तहत उक्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान शासकीय जमीन पर कब्जा किये जाने संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम



एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि विवादित जमीन पर कब्जा संबंधी मामलों में नियमानुसार कार्यवाही कर कब्जाधारियों के विरूद्ध नोटिस जारी कर सिविल जेल की कार्यवाही की जाए।

### फर्जी फाइनेंस कंपनियों पर करें कार्रवाई

जनसुनवाई में ईसागढ़ क्षेत्र में फर्जी फाइनेंस कंपनियों के संचालन संबंधी शिकायतों के संबंध में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत फर्जी फाइनेंस कंपनियों के विरूद्ध आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जिससे क्षेत्र के लोग झूठे झांसे में आने से बच सके।

जनसुनवाई में ग्राम झागर निवासी राजकुमार सिंह द्वारा भूमि का नामांकन कराए जाने, ग्राम हिनोतिया फूट निवासी जगराम यादव द्वारा रास्ते से अतिक्रमण हटाए जाने, ग्राम बामोरी लाल निवासी मीरा अहिरवार द्वारा रास्ता दिलाए जाने, वार्ड क्रमांक 14 मुंगावली निवासी मुबारक खान द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, सोनी कॉलोनी मुंगावली निवासी राजेंद्र सिंह द्वारा नामांतरण कराए जाने, ग्राम राजपुर निवासी बाबूलाल साहू द्वारा विक्रय पत्र के संबंध में, शाढोरा निवासी यासीन हैदर द्वारा रास्ता दिलाए जाने, शंकर कॉलोनी अशोक नगर निवासी हरिकिशन लोधी द्वारा बिजली बिल काम कराए जाने, करमई चंदेरी निवासी बुंदेल यादव द्वारा रास्ता दिलाए जाने, चंदेरी निवासी मुन्नी बाई द्वारा भूमि का पट्टा दिलाए जाने,छैबलाई निवासी सम्पत बाई कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने सहित अन्य समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, एसडीएम अशोकनगर इसरार खान सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ ने गूगल मीट से जुडकर भाग लिया।